# गंगा पूजन चल समारोह पर छह लोगों ने किया हमला

**गांव गुराड़िया रूपा में जमकर चले ईंट-फालिये**

**देवास/सोनकच्छ।** पास के गांव में एक परिवार में शादी का आयोजन हो रहा है। इसे लेकर लड़की पक्ष की ओर से परम्परानुसार गंगा माता पूजन किया जा रहा था। तभी गांव के ही रहने वाले आधा दर्जन लोगों ने पूजन जुलूस में शामिल लोगों पर ईंट व फालिए से हमला कर दिया। फरियादी राजकुमार पिता धीरजसिंह सैंधव (25) निवासी गुराड़िया रूपा ने उसके अंकल अनार सिंह आदि लोगों के साथ आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि, वह एक निजी बैंक में जॉब करता है। उसकी बहन भावना की शादी का गंगापूजन का जुलुस गांव गुराडिया रुपा में चल रहा था।

सुबह करीब 10 बजे के जुलूस लखन सायल के घर के सामने पहुंचा था कि, आरोपी लखन सायल, युवराज, राजवीर ने जुलुस के सामने आकर जुलुस रोक दिया। लाखन सिंह के हाथ में फालिया था और तीनो अभद्रता करते हुए बोले कि जुलुस हमारे घर के सामने से नहीं निकलेगा और फालिया लेकर मारने दौड़ा। जिनको जुलूस में शामिल बलवान सिंह व अन्य लोगों ने समझाया कि शादी का कार्यक्रम है जुलुस निकल जाने दो



तब दीपक, माया बाई और फुलुबाई भी उनके घर से बाहर आएं व गालिया देते हुए जुलुस पर पत्थर फेंकने लगे तब दुल्हन को बचाने में उसके मामा के लड़के सुरेन्द्रसिंह को पैर में चोट लगी। फिर गावं वालों की समझाने पर फरियादी पक्ष ने बैंड बंद कर वहां से आगे निकाल लिया तो दीपक लट्ठ लेकर आया। जिसको गांव वालो ने पकड लिया फिर लाखन सिंह ने बोला कि बारात मेरे घर के सामने से निकाली तो वह फरियादी और उसकी बहन को जान से मार दूंगा।

पुलिस ने 6 आरोपी सहित महिला पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया।

# मांदल की थाप पर जोश में जमकर थिरके बुजुर्ग

**युवाओं की टोली मांदल बजाते हुए निकली बाजार से**

**बागली।** रंगों के त्योहार होली से पहले गुरुवार साप्ताहिक हाट बाजार रामपुरा में भोंगरिया पर्व की धूम रही ढोल-मांदल की थाप पर आदिवासी समाज के सदस्यों ने पारम्परिक नृत्य किया। साथ ही एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर भोगंरिया पर्व मनाया। इस दौरान युवक-युवतियो ने नवीन परिधान पहन कर सज-धजकर बाजार पहुंचे। यहां पर कपड़े, बर्तन, चूड़ी, खान-पान की दुकानों पर जमकर ग्राहकी हुई। भगोरिया पर्व में कई तरह के झूले भी रहे जिनका आनंद सभी ने उठाया।



रामपुरा के भोगंरिया पर्व में दूर-दूर से आदिवासी समाज जन आए। भील-भिलाला समाज के महिला-पुरुष अपनी पारंपरिक व सामाजिक वेशभूषा में सजकर पहुंचे। जगह-जगह ढोल-मांदल की थाप की मधुर आवाज सुनाई दे रही थी। मांदल की थाप पर युवाओं के साथ-साथ बड़े-बुजुर्गों सभी ने जमकर नृत्य किया। कई युवा बांसुरी बजाते नजर आए। युवाओं की टोली मांदल बजाते हुए बाजार से निकली। कई स्थानों पर मांदल की थाप पर लोगों ने नाचकर उत्साह व्यक्त किया। मांदल लेकर आई टोलियों का स्वागत तिलक लगाकर व साफा बांधकर किया गया।

## एक नजर में

### उज्जवला व्यास जिलाध्यक्ष नियुक्त



**देवास।** विश्व हिंदू महासंघ भारत (संयुक्त राष्ट्र संघ )से मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय संगठन) के प्रदेश अध्यक्ष पुष्पराजसिंह बघेल ने प्रदेश उपाध्यक्ष (मातृशक्ति) साधना काले की अनुसंशा पर उज्वला व्यास को विश्व हिंदू महासंघ भारत (संयुक्त राष्ट्र संघ ) का जिलाध्यक्ष (मातृशक्ति) नियुक्त किया है। श्रीमती व्यास की नियुक्ति पर निशा पंडित, सविता मिश्रा, हीरामणि शर्मा, नरेन्द्र काजले, मिशेल व्यास, दीपक कर्पे, श्रीमती वर्धे, निलिमा होलकर, यामिनी नाचळ आदि ने बधाई दी।

### होलिका दहन के अगले दिन चंद्र ग्रहण



**काँटाफोड़।** नगर के सुप्रसिद्ध ज्योतिष आचार्य पंडित दीनदयाल शास्त्री राजस्थान वालो ने इस वर्ष 2026 का प्रथम चंद्र ग्रहण फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि तदनुसार 3 मार्च 2026 मंगलवार को घटित होगा। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, यह खगोलीय घटना पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र एवं सिंह राशि के अंतर्गत संचरित होगी। भारतवर्ष में यह ग्रहण ग्रस्तोदय स्वरूप में परिलक्षित होगा, जिसका अर्थ है कि चंद्र देव का उदय ग्रहण की अवस्था में ही होगा। इस ग्रहण का सूतक काल प्रात: 6ः20 बजे से ही प्रभावी हो जाएगा। ग्रहण का प्रारंभ अपराहन् 3ः20 बजे नियत है तथा इसका मोक्ष (समाप्ति) सायं 6ः47 बजे होगा। भारत के अतिरिक्त इसका दृश्य क्षेत्र पूर्वी यूरोप, एशिया, ऑस्ट्रेलिया, उत्तर एवं दक्षिण अमेरिका तथा प्रशांत महासागरीय क्षेत्र रहेंगे। ग्रह-नक्षत्रों की इस युति का विभिन्न राशियों पर पृथक-पृथक प्रभाव दृष्टिगोचर होगा। मेष राशि हेतु यह मानसिक व्याधि, वृषभ हेतु सुखद अनुभूति, मिथुन हेतु अर्थ लाभ तथा कर्क राशि के जातकों के लिए शत्रु भय का कारक बनेगा। सिंह राशि के जातकों के लिए यह कष्टकारी सिद्ध हो सकता है, अत: उन्हें विशेष सावधानी बरतनी होगी। कन्या राशि में अशांति एवं तुला में लाभ के योग हैं। जहाँ वृश्चिक राशि को सुख की प्राप्ति होगी, वहीं धनु राशि को मानहानि एवं मकर राशि को शारीरिक क्लेश का सामना करना पड़ सकता है। कुंभ राशि हेतु यह स्त्री पक्ष से कष्टकारी तथा मीन राशि हेतु सुख-शांति प्रदायक रहेगा। शास्त्रानुसार, सिंह राशि के जातकों हेतु ग्रहण का दर्शन वर्जित है तथा गर्भवती महिलाओं को ग्रहण के दुष्प्रभाव से रक्षा हेतु विशेष रूप से घर के भीतर रहने का परामर्श दिया गया है। आर्थिक दृष्टिकोण से इस ग्रहण के फलस्वरूप व्यापारिक वस्तुओं विशेषकर शहद, श्रीफल, कपास, वस्त्र, नमक, चावल,चना, गुड़, जौ, गेहूं, जुवार,अलसी, सरसों ताम्र एवं समस्त रस प्रधान पदार्थों के मूल्यों में आकस्मिक वृद्धि होने की प्रबल संभावना है। धार्मिक मर्यादा एवं शास्त्रों के विधान के अनुसार, होलिका दहन का पुण्य पर्व 2 मार्च 2026 को प्रदोष काल में संपन्न करना श्रेयस्कर एवं शास्त्र सम्मत होगा। यह ज्योतिषीय विवरण राजस्थान के ज्योतिष आचार्य पंडित दीनदयाल जी शास्त्री द्वारा प्रदत्त गणनाओं पर आधारित है।

### प्रशासन ने रुकवाया नाबालिग का विवाह

**देवास।** थाना बैक नोट प्रेस को सूचना प्राप्त हुई कि सिया के पास ग्राम दुर्गापुरा में एक नाबालिक लडकी की शादी हो रही है ।मोके पर बारात आई है लडकी की उम्र 17 साल है ।सूचना पर थाना बैंक नोट प्रेस की नजदीकी डायल 112 एफआरवी 06 को रवाना किया गया। एफआरवी में तैनात पुलिस आरक्षक मोहम्मद सिराज पायलट कपिल पटेल ने बिना समय गवाये मौके पर पहुँचकर पुछताछ की ।जिला पुलिस कंट्रोल रूम द्वारा फोन लगाकर महिला बाल विकास अधिकारी को मौके पर भिजवाया एवं थाना प्रभारी बीएनपी को अवगत कराया गया। डायल-112 पुलिस स्टाफ,थाना स्टाफ एवं पुलिस कंट्रोल रुम की तत्परता के चलते एक नाबालिक की शादी रुकवाई गई ।

### शांति भंग करने वाले 2 हुड़दंगी गिरफ्तार

**देवास।** पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद द्वारा दबंगई कर शांतिभंग करने वाले आरोपियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है ।इसी क्रम में दिनांक 25.02.2026 को शाम करीबन 06.30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति अमोना चौराहा सार्वजनिक स्थान पर विवाद कर रहे हैं और शांति व्यवस्था बिगाड़ रहे हैं । सूचना की तस्दीक होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक देवास श्री सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक श्री शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर हंगामा कर रहे दोनो बदमाशों 01.भारतसिंह पिता हरीराम अहिरवार उम्र 32 साल निवासी इन्द्रानगर बिराखेड़ी देवास व 02. विशाल पिता भैयालाल घावरे उम्र 23 साल निवासी बालाजीनगर देवास को गिरफ्तार कर लिया गया । ये बदमाश मरने-मारने पर आमदा थे,जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन रहा था । पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध इस्तगासा क्रमांक 73/2026 धारा 170 क्क्रस्स् के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया है । दोनो अनावेदकों को माननीय स्ष्ठरू न्यायालय, देवास के समक्ष पेश कर जेल भेजा जाकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

# सत्संग आध्यात्मिक चिकित्सालय- नागरजी

**सत्संग विद्यालय को देवालय बनाने की प्रक्रिया**

**टोंकखुर्द।** सत्संग न्यायालय नहीं औषधालय है, यहां न्याय नहीं निदान होता है। सत्संग नेत्र शिविर है, जहां गुरु ज्ञान और वैराग्य की दो आंख देता है। सत्संग विद्यालय को देवालय बनाने की प्रक्रिया है। ये विचार ग्राम चिड़ावद में डॉ. मनोज नागर के अस्पताल के उद्घाटन के अवसर पर श्री राम शरणम् आश्रम देवास से पधारे इंद्रसिंह नागर ने व्यक्त किए।



उन्होंने कहा कि अस्पताल में शरीर के रोग ठीक होते हैं और राम नाम से मन के रोग ठीक होते हैं। अमृतवाणी स्वामी सत्यानंद जी महाराज को परमात्मा द्वारा दिया गया भक्त के मन में श्रद्धा और विश्वास जगाने वाला छोटा सा ग्रंथ है। अमृतवाणी जीव मात्र को पावन और पाप मुक्त करती है। सारे शास्त्रों के सत्संग का फल यही है, कि भगवान के नाम में रुचि हो जाए। शरणागति के लिए नाम सिमरन जैसा दूसरा कोई साधन नहीं है।

# देवास ट्रेंचिंग ग्राउंड मामले में स्वास्थ्य अधिकारी निलंबित

**देवास।** देवास में ट्रेंचिंग ग्राउंड से सामने आए गोवंश के अवशेषों के मामले में नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई की है. घटना के बाद शहर में आक्रोश का माहौल बन गया था और निगम की व्यवस्थाओं पर सवाल उठने लगे थे. मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर निगम कमिश्नर ने स्वास्थ्य अधिकारी जितेंद्र सिसोदिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. साथ ही संबंधित एसआई-दरोगा की वेतन कटौती के निर्देश भी जारी किए गए हैं. प्रशासन का कहना है कि लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए सख्त निगरानी की जाएगी

# विधिक जागरूकता शिविर लगा यातायात नियमों की दी जानकारी

**दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने के बारे में भी बताया**

**सोनकच्छ।** प्रथम जिला न्यायाधीश राघवेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दशरथसिंह भिड़े द्वारा गुरुवार को बीसाखेड़ी रोड स्थित बोरवाली चौकी पर आयोजित शिविर में आमजन को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई।

उन्होंने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य उपयोग, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट बांधने, निर्धारित स्पीड लिमिट का पालन करने तथा मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा और वाहन पंजीयन जैसे आवश्यक दस्तावेजों की अनिवार्यता की जानकारी दी। न्यायाधीश भिड़े ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन भर नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का संकल्प है।

नियमों का पालन कर हम स्वयं व अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। शिविर में विधिक सेवा कर्मचारी अर्चना दरिया, न्यायालय कर्मचारी अजय बावने सहित क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आमजन से यातायात नियमों के पालन का संकल्प भी दिलाया गया।

# सावरकरजी की पुण्यतिथि पर किया माल्यार्पण

**देवास।** स्वातंर्त्य वीर सावरकरजी की पुण्यतिथी निमित्त महाराष्ट्र समाज देवास के सदस्यों व्दारा विकासनगर चौराहा स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। अध्यक्ष दीपक कर्पे, पूर्वअध्यक्ष पद्माकर फड़नीस, अरुण कोरड़े, दिलिप सुपेकर, पूर्व न्यास अध्यक्ष रवि क्षीरसागर के अलावा कार्यकारिणी उपाध्यक्ष डॉ.दीवान, सांस्कृतिक प्रभारी गिरीश कुलकर्णी, सहसचिव शिरीष खड़ीकर ,प्रवक्ता अतुल मद्धव के अलावा समाज सदस्य सुरेश मुंगी, साधना काले, उज्जवला व्यास,



सुधीर चिंचोलीकर, गुंडीगावकर, अविनाश जोशी आदि उपस्थित रहे। जानकारी प्रवक्ता अतुल मद्धव ने प्रदान की।

# बृहन्महाराष्ट्र मंडल का 74वां वार्षिक अधिवेशन आज से

**देवास में जुटेगा देशभर के मराठियों का महाकुंभ**

**देवास।** मराठी संस्कृति, कला और साहित्य के संरक्षण हेतु समर्पित संस्था बृहन्महाराष्ट्र मंडल, नई दिल्ली का 74 वां वार्षिक अधिवेशन एवं साधारण सभा इस वर्ष मालवा की पावन धरा देवास में आयोजित होने जा रहा है। 27 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक चलने वाले इस त्रि-दिवसीय समागम की मेजबानी महाराष्ट्र समाज, देवास द्वारा की जा रही है। अधिवेशन के जनसंपर्क प्रभारी उदय टाकलकर, अतुल मद्धव एवं शिरीष खड़ीकर ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि इस अधिवेशन का आयोजन देवास मंडी व्यापारी एसोसिएशन धर्मशाला (मुख्य बस स्टैंड के सामने) में किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत 27 फरवरी को मराठी भाषा गौरव दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ होगी।



27 फरवरी (शुक्रवार) सायं 6 बजे से शब्दस्वरांचा सुवर्ण प्रवास कार्यक्रम होगा, जिसमें नामचीन कवियों की रचनाओं का गायन होगा। 28 फरवरी (शनिवार) सुबह 8 बजे पं. कुमार गंधर्व के पौत्र पं. भुवनेश कोमकली द्वारा निर्मल निर्गुण भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। सुबह 10.30 बजे मुख्य औपचारिक उद्घाटन समारोह संपन्न होगा। दोपहर में काव्य पाठ काव्य संगम और शाम को प्रसिद्ध युवा गायक कुमार राजयोग धुरी द्वारा भक्तिरंग की प्रस्तुति होगी। 01 मार्च (रविवार) सुबह 9.30 बजे वार्षिक साधारण सभा का आयोजन होगा, जिसके बाद वर्ष 2026-2029 के लिए कार्यकारिणी समिति का मतदान और चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे ।समारोह का उद्घाटन सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी और विधायक गायत्रीराजे पवार के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में प्रख्यात साहित्यकार अशोक समेळ और प्रसिद्ध गीतकार स्वानन्द किरकिरे भी उपस्थित रहेंगे।

# नियमितीकरण सहित कई मांगों को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संघ ने किया प्रदर्शन

**प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा**

**देवास।** भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष रामू जमोडिया ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ का देश व्यापी धरना विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन में भारतीय मजदूर संघ से सभी संबंधित यूनियनों ने भाग लेते हुए प्रधानमंत्री एंव मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। म प्र आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ ने 5 सूत्री मांगों को लेकर हुंकार भारी। सरकारी कर्मचारी का दर्जा और सभी सुविधाएं बिना परीक्षा के योग्यता के आधार पर पर्यवेक्षक पद प्रमोशन । महिलाएं बाल विकास विभाग के अलावा अन्य विभाग की ड्यूटी से मुक्ति। रिटायरमेंट पर 5 हजार पेंशन और सेवाकाल में मृत्यू पर 2 लाख की आर्थिक सहायता। अन्य सरकारी भर्तियों में पांच बोनस अंक का प्रावधान दिया जाएं तथा कलेक्टर से मांगों के त्वरित निराकरण की मांग की ।त्वरित निराकरण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की




चेतावनी दी। भारतीय मजदूर संघ जिला अध्यक्ष धनंजय गायकवाड, भारतीय मजदूर संघ विभाग प्रमुख अजय उपाध्याय, बिजली कर्मचारी महासंघ के प्रदेश के महामंत्री सुशील कुमार पांडे, आंगनबाड़ी साहियका का संघ की जिला अध्यक्ष रामू जमोड़िया, कला भंडारी, साहिन खान, भुरी जामले, रेखा मालविया, सविता परमार, शानु चौहान, बेबी शाह, मनिषा गंगराड़े, माया राठोर, द्वारकी सानू श्रीवास, कविता सोलंकी, सुनीता मुजाल्दे, अनीता कांबले, राधा मुजाल्दे आदि। संचालन जिला मंत्री अमित पांडे ने किया तथा आभार अजय उपाध्याय ने माना।

# नवांकुर संस्थाओं की जिला बैठक

**देवास।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् द्वारा संचालित नवांकुर संस्थाओं कि जिला बैठक जिला मुख्यालय देवास पर मल्हार स्मृति मंदिर के वरिष्ठ नागरिक संस्था भवन में संपन्न हुई जिसमें मार्गदर्शन हेतु मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् के उज्जैन संभाग के समन्वयक शिव प्रसाद मालवीय जिला समन्वयक डॉक्टर सुपिती यादव ने आगामी 3 माह की कार्य योजना पर विस्तार पूर्वक मार्गदर्शन देकर आगामी कार्य करने का आव्हान किया इस दौरान




संपूर्ण देवास जिले के नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि सम्पूर्ण देवास जिले के ब्लॉक समन्वयक एवं अन्य विभाग की संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने मार्गदर्शन दिया

# चैक बाउंस प्रकरण में 05 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी आरोपी गिरफ्तार

**एसपी देवास ने चला रखा है पूरे जिले में ऑपरेशन हवालात**

देवास। जिला पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के द्वारा 01 नवम्बर 2024 से सम्पू र्ण जिलें मे ऑपरेशन हवालात की शुरूआत की गई है । जिसके अंतर्गत लंबे समय से फरार इनामी बदमाशों की की गिरफ्तारी पर जोर दिया जा रहा है । साथ ही गंभीर अपराधों मे फरार आरोपियों की त्वीरित गिरफ्तारी को भी सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में थाना सतवास के द्वारा संबंधी प्रकरण मे प्रकरण क्रं.425/2021 धारा 138 ह्क्ष् का फरार स्थाई वारंटी आरोपी फरार स्थाई वारंटी आरोपी कमलेश पिता विश्राम अलसिया लगभग 05 वर्षों से लगातार पुलिस गिरफ्त से दूर चल रहा था । दिनांक 25.02.2026 को पुलिस को पुख्ता सूचना मिली फरार स्थाई वारंटी आरोपी को जिला इंदौर में देखा गया है । जिस पर तत्काल पुलिस अधीक्षक ने आरोपी की धरपकड़ हेतु टीम को रवाना किया । उक्ते टीम ने सफलता पूर्वक फरार स्थाई वारंटी आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया ।

## एक नजर

**टेली-मानस, एंटी-रैगिंग, महिला हेल्पलाइन आदि महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर प्रदर्शित**

# शासकीय कन्या महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियां

**देवास ।** म.पु.रा.प. शासकीय कन्या महाविद्यालय, देवास में नेशनल टास्क फोर्स (एनटीएफ) के अंतर्गत माह फरवरी में मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। दिनांक 7 फरवरी 2026 को राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में मानसिक स्वास्थ्य विषय पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। छात्राओं के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए दिनांक 13 फरवरी 2026 को योग एवं प्राणायाम कराया गया। दिनांक 19 फरवरी 2026 को मैं अकेला नहीं हूँ विषय पर समूह चर्चा कराई गई। इस चर्चा में छात्राओं ने एक-दूसरे से जुड़कर अपनी समस्याएँ साझा कीं। इसके अतिरिक्त बात करें, बोझ हल्का करें अभियान चलाया गया, ताकि महा विद्यालय की छात्राएँ अपनी समस्याएँ बिना झिझक के साझा करने के लिए आगे आ सकें। 23 फरवरी को आत्महत्या रोकथाम विषय पर एक विषय विशेषज्ञ द्वारा व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान के दौरान छात्राओं को संकट की स्थिति में तुरंत सहायता लेने, हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी रखने तथा परामर्श सेवाओं का उपयोग करने के लिए भी प्रेरित किया गया। साथ ही अभिभावकों एवं पालकों से भी मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा की गई। उन्हें जागरूक करते हुए बताया गया कि वे अपने बच्चों से प्रतिदिन बातचीत करें, उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनें, तथा बालिकाएँ मोबाइल फोन का किस प्रकार उपयोग कर रही हैं, इस पर भी ध्यान दें। छात्राओं द्वारा मानसिक स्वास्थ्य विषय पर स्लोगन लेखन, चित्रकला आदि गतिविधियाँ कराई गईं। तनाव प्रबंधन पर भी सत्र आयोजित किया गया। महाविद्यालय परिसर में टेली-मानस, एंटी-रैगिंग, महिला हेल्पलाइन आदि महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर प्रदर्शित किए गए। मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी आपात स्थिति के लिए एक मानक कार्यप्रणाली (एस ओ पी) तैयार कर सभी छात्राओं एवं स्टाफ को उपलब्ध कराई गई। सभी छात्राओं के लिए महाविद्यालय में गार्जियन ट्यूटर नियुक्त किए गए, ताकि वे अपनी समस्याएँ शिक्षकों एवं स्टाफ के साथ आसानी से साझा कर सकें। एनटीएफ की गतिविधियों पर छात्राओं से फीडबैक भी लिया गया तथा उन्हें इन कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेकर लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।